# पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

CIN :- U40101UR2004SGC028675

## मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

E-mail:- hr@ptcul.org

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वैबसाइट www.ptcul.org

PTCUL


पत्रांकः 1379/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ईएस–4 दिनांकः 04.09.2025

## कार्यालय ज्ञाप

अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक संख्या 854/XVII-B-1/2025 दिनांक 04.09.2025 के द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तराखण्ड राज्य में मानसून सीजन 2025 के दौरान विभिन्न जनपदों में विभिन्न प्रकार की आपदायें/घटनायें घटित हुई हैं जिनसे उत्तराखण्ड राज्य में विभिन्न जनपदों में जान–माल के नुकसान के साथ–साथ आर्थिक क्षति भी हुई है। आपदाओं के कारण हुई क्षति का आकलंन किये जाने हेतु दिनांक 08.09.2025 एवं 09.09.2025 को भारत सरकार से अन्तर मंत्रालयीय केन्द्रीय टीम उत्तराखण्ड राज्य में भ्रमण पर आ रही है, जो विभिन्न जनपदों में भ्रमण/निरीक्षण करते हुए क्षति का निरीक्षण/आंकलन करेगी।

अन्तर मंत्रालयीय केन्द्रीय टीम उत्तराखण्ड में भ्रमण के अवसर पर उचित समन्वय के परिपेक्ष्य में कारपोरेशन से श्री राजीव गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (स्तर–।), कारपोरेट प्लांनिग, देहरादून को अन्तर जनपदीय के निरीक्षण/भ्रमण कार्यक्रम हेतु **"नोडल अधिकारी"** नामित किया जाता है, जो सम्बन्धित जिलाधिकारी एवं अन्तर मंत्रालयीय केन्द्रीय टीम के साथ समन्वय करते हुए अपने विभाग में हुई क्षति का निरीक्षण करायेंगें तथा साथ ही कारपोरेशन में हुई क्षति का 10 स्लाईडस् का एक संक्षिप्त एंव सारगर्भित पी0पी0टी0 तैयार कर केन्द्रीय टीम के समक्ष सम्बन्धित जिलाधिकारी से निर्देश प्राप्त करते हुए यथा निर्देश प्रस्तुतीकरण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।

इसके साथ ही निर्देशित किया जाता है कि श्री राजीव गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (स्तर–।), नोडल अधिकारी सम्बन्धित आपदा क्षेत्रों के नियंत्रक अधिकारियों एवं निदेशक (परिचालन) एवं प्रबन्ध निदेशक महोदय से समय–समय पर यथोचित मार्गदर्शन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगें तथा कृत कार्यवाही से निदेशक (परिचालन) एवं प्रबन्ध निदेशक महोदय को अवगत कराना भी सुनिश्चित करेंगें।

**प्रबन्ध निदेशक**

**पत्रांकः 1379/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ईएस–4 तद्दिनांकितः**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव–अपर सचिव (ऊर्जा), उत्तराखण्ड शासन को अपर सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव–अपर सचिव (आपदा प्रबन्धन), उत्तराखण्ड शासन को अपर सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
3. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
4. निजी सचिव–निदेशक (मा0सं0)/(परिचालन)/(परियोजना), पिटकुल को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
5. श्री राजीव गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (स्तर–।), कारपोरेट प्लांनिग, देहरादून को **इस आशय से प्रेषित की दिनांक 05.09.2025 को मध्याहन 12:00 बजे प्रबन्ध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक निर्धारित की गयी है, जिसमें मुख्यालय में कार्यरत अधिशासी अभियन्ता एवं समकक्ष तथा उच्च स्तर के सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगें।**
6. समस्त मुख्य अभियन्ता पिटकुल.............................।
7. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, पिटकुल..............................।
8. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल...........................................।
9. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित की उक्त कार्यालय ज्ञाप को कारपोरेशन की वैबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

**(अशोक कुमार जुयाल)**
**महाप्रबन्धक (मा0सं0) (औ0)**